SHRI BAJRANG POWER & ISPAT LTD.

GOEL

SBPIL/MINES/2016-17/ 3122 **DATE:05/10/2016**

प्रति,

कलेक्टर महोदय
जिला नारायणपुर
छत्तीसगढ़

विषयः— में श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड के पक्ष में लौह अयस्क खनिपट्टा में लिए वन कक्ष कमांक 2179, 2180, 2184 एवं 2185 में स्वीकृत वन भूमि 57.00 हेक्ट एवं पहुंच मार्ग 9.02 हेक्ट कुल 66.02 हेक्टयर के डायवर्सन हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि भारत सरकार खान मंत्रालय के पत्र क्रमांक 5/96/2010–म.न. नई दिल्ली, दिनांक 13.04.2011 के द्वारा हमारे संस्थान को छोटेडोंगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक 2179, 2180, 2184 एवं 2185 वन मंडल नारायणपुर, जिला नारायणपुर में 57.00 हेक्ट, वन क्षेत्र में लौह अयस्क खनिपट्टा स्वीकृति हेतु पूर्वानुमोदन प्रदान किया गया है। जिसका माइनिंग प्लान इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, नागपुर द्वारा अनुमोदित किया जा चूका है। उक्त खनिपट्टा क्षेत्र में पहुंच एवं परिवहन हेतु 9.02 हेक्ट. क्षेत्र की आवश्यकता होगी यह मार्ग वन भूमि के अंतर्गत आता है, जो कि न्यूनतम है। संस्थान द्वारा खनिपट्टा क्षेत्र 57.00 हेक्ट एवं पहुंच मार्ग हेतु 9.02 हेक्ट कुल 66.02 हेक्टयर वन भूमि का डायवर्सन कराया जाना है। उपरोक्त क्षेत्र ग्राम पंचायत धनोरा एवं कोडोली के अंतर्गत आता है।

उपरोक्त वन भूमि के डायवर्सन हेतु वन अधिकार मान्यता पत्र के संबंध में प्रमाण पत्र कि आवश्यकता है। उक्त क्षेत्र में वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण हुआ है अथवा नही, इस संबंध में ग्राम सभा का आयोजन कर संलग्न प्रपत्र में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत किया जाना है।

अतः महोदय से सादर अनुरोध है कि ग्राम सभा का आयोजन नियमानुसार कर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की कृपा करें।

धन्यवाद

कृते, **श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड**

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

संलग्नः— प्रपत्र।

CIN No. : U27106CT2002PLC015184
Regd. Office / Works : Vill. Borjhara, Urla-Guma Road, Urla Growth Center, Raipur 493 221 (C.G.)
Ph. : +91-771-4288019 / 29 / 39. Fax : +91-771-2323601 / 602, 4288123
E-mail : info.bjr@goelgroup.co.in, commercial.bjr@goelgroup.co.in

GOEL TMT